छठ पर्व के मद्देनजर युद्ध स्तर पर हो रही है तालाबों की सफाई निगम आयुक्त रोहित व्यास ने तालाबों का निरीक्षण कर लिया जायजा, तालाबों की सफाई को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

भिलाईनगर/ त्योहारी सीजन के मद्देनजर भिलाई निगम प्रशासन का अमला तालाब एवं परिसर की सफाई में जुट गया है। आयुक्त रोहित व्यास ने छठ पर्व को देखते हुए तालाबों की व्यापक सफाई कराने के निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए है। निर्देश के परिपालन में युद्ध स्तर पर तालाबों की सफाई की जा रही है। आगामी पर्व को देखते हुए 15 दिन पूर्व से तालाबों के सफाई की कार्य योजना तैयार कर ली गई थी। जिसके मुताबिक जोन के स्वास्थ्य प्रभारी की अगुवाई में तालाब परिसर की सफाई के लिए सुबह से ही स्वच्छता कर्मचारी तालाबों में पहुंच कर सफाई का कार्य कर रहे हैं। तालाब के गंदगी को निकाला जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार तालाबों में जल शुद्धिकरण के लिए एलम इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। तालाबों में नीचे उतरने के लिए बनाए गए सीढ़ियों की सफाई की जा रही है ताकि पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तालाबों की सफाई का जायजा लेने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज शहर के विभिन्न तालाब जहां छठ पर्व के लिए पूजा , अर्चना किया जाना है का निरीक्षण किया और जोन आयुक्त तथा स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आस्था के इस महापर्व के लिए महापौर नीरज पाल ने तालाब सफाई को लेकर इसके निर्देश अधिकारियों को पूर्व में भी दे दिए हैं। आयुक्त महोदय ने निरीक्षण के दौरान आगामी पर्व को देखते हुए जोन आयुक्तों को छठ पर्व से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा तथा जोन स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।